झूला पड़ा कदम की डाल

झूला पड़ा कदम की डाल झूल रही राधा प्यारी,
राधा प्यारी संग में ब्रज नारी,
झूला पड़ा कदम की डाल झूल रही राधा प्यारी॥

चंदन की पटरी ललिता लेकर आई,
रेशम डोरी विशाखा लेकर आई,
डोरी दार रहे नंदलाल झूल रही राधा प्यारी,
झूला पड़ा कदम की डाल झूल रही राधा प्यारी॥

ग्वाल बाल सब मिलकर आए,
कान्हा के संग झूला डलाए,
सारे ब्रज में मच गया शोर झूल रही राधा प्यारी,
झूला पड़ा कदम की डाल झूल रही राधा प्यारी॥

मेघा गरजे बिजली चमके,
दादुर मोर पपीहा बोले,
कोयल मचाए रही शोर झूल रही राधा प्यारी,
झूला पड़ा कदम की डाल झूल रही राधा प्यारी॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25235/title/jhula-pada-kadam-ki-daal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |